राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# रामनवमी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 29 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामनवमी (30 मार्च) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता, सदाचार, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान से सभी के लिए सुखी, सफल और समृद्ध जीवन की कामना की है।

---

# राजस्थान दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 29 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान दिवस (30 मार्च) पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि राजस्थान शूरवीरों और कर्मवीरों की भूमि है। इस माटी के सपूतों ने देश की रक्षा और वैभव के लिए अतुलनीय योगदान दिया है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रदेश की गौरवशाली परंपराओं और विरासत का संरक्षण करते हुए सर्वांगीण विकास के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है।

----